भारत कोकिंग कोल लि० के निम्नलिखित 17 स्थलों से, जिसमें दामोदर नदी तटीय कोयले के एक्सपोजर, बन्द कोपन-कास्ट और भूमिगत खानें शामिल हैं कोयले के अवैध खनन की सूचना मिली है:

1. लोडना
2. के० कुसुन्दा
3. बस्ताकोला
4. जी०ओ०सी०पी० परियोजना
5. गोलकडीह ओ०का० परियोजना
6. मुरलीडीह कोलियरी
7. सुदामडीह कोलियरी (शैफट)
8. भाटडीह
9. सुदामडीह
10. धनसर के०ओ०सी०पी०
11. बसुरिया
12. गोनूडीह
13. ईस्ट बसुरिया
14. गोधूर
15. कुसुन्डा
16. दामोदा
17. मुरईडीह

(ख) अवैध खनन के कारण कोयला कंपनियों को हुए नुकसान की संगणना करना संभव नहीं है। प्रत्यक्ष घाटे होने के अलावा, अप्रत्यक्ष घाटा भी पट्टेधारी क्षेत्रों पर निगरानी रखने और अन्य उठाए गए बचावात्मक कदमों, अवैध खनन स्थल को छोड़ने इत्यादि पर किए गए व्यय के कारण होता है।

(ग) कोल इंडिया लि० ने वर्ष 1992-93 के दौरान 211.22 मिलियन टन (अनन्तिम) का उत्पादन किया। बिक्री, आय और व्यय इत्यादि संबंधी अन्य विवरणों की जानकारी कोल इंडिया लि० के वर्ष 1992-93 के लिए लेखों को अंतिम रूप दिए जाने और उनकी और लेखापरीक्षा होने के बाद ही चल सकेगा।

कोल इंडिया लि० द्वारा आयातित मशीनों के लिए अतिरिक्त पुर्जों की अनुपलब्धता

1787. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन:** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि कोल इंडिया लि० द्वारा 1200 करोड़ रुपए की मशीनों सोवियत संघ से आयात की गई थी;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इन बड़ी मशीनों के अतिरिक्त पुर्जे अभी तक उपलब्ध नहीं कराए गए हैं और इसलिए इन मशीनों का उपयोग नहीं हो रहा है; और

(ग) इस प्रकार की कितनी-कितनी मशीनों किस-किस क्षेत्र में चल रही हैं और मार्च, 1993 तक कितनी मशीनों को उपयोग में नहीं लाया गया है?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा): (क) अनुमानत: आयातित रूसी उपकरणों की कुल संख्या की वर्तमान लागत लगभग 1200 करोड़ रु० की राशि की होगी।

(ख) भूतपूर्व सोवियत संघ से आयातित किए गए सभी उपकरणों के लिए कलपुर्जों की अभिप्राप्ति करने के मामले में पूर्व में कोई समस्या नहीं थी। किन्तु, भूतपूर्व सोवियत संघ में वर्ष 1992 में राजनैतिक परिवर्तन आ जाने से समस्या उत्पन्न हो गई और तब से सोवियत संघ से शायद ही कोई कलपुर्जा प्राप्त किया गया हो। सोवियत संघ से कलपुर्जे अनुपलब्ध होने से केवल 12.5 क्यू० मि० के 2 तथा 110 टन बेलाज के 7 डम्पर नार्दर्न कोलफील्ड लि० क्षेत्र सिंगरौली में वर्तमान में कार्यरत नहीं है।

(ग) इस संबंध में सूचना संलग्न विवरण में दी गई है।

विवरण

कोल इंडिया लि० में रूसी उपकरणों की संख्या और 3 माह से अधिक अवधि के लिए खराब पड़े उपकरण

	ई०को०लि०		भा०को०को० लि०		से०को०लि०		ना०को०लि०		वे०को०लि०		सा०ई०को० लि०		म०को०लि०		को०ई०लि०	
	सं०	3 माह से अधिक खराब पड़े उप-करण	सं०	3 माह से अधिक खराब पड़े उप-करण	सं०	3 माह से अधिक खराब पड़े उप-करण	सं०	3 माह से अधिक खराब पड़े उप-करण	सं०	3 माह से अधिक खराब पड़े उप-करण	सं०	3 णाह से अधिक खराब पड़े उप-करण	सं०	3 माह से अधिक खराब पड़े उप-करण	सं०	3 माह से अधिक खराब पड़े उप-करण
ड्रैगलाइन	0	0	1	0	0	0	5	0	2	0	7	0	6	0	21	0
शावेल	4	1	17	0	42	0	20	2	49	2	23	1	12	0	167	6
डम्पर	0	0	0	0	0	0	35	7	0	0	0	0	0	0	35	7
ड्रिल	6	2	16	3	26	3	22	5	8	1	11	1	6	1	95	16